CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 116 ▫ रायपुर, बुधवार 20 मई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल

## देशभर में 15 लाख दवा दुकानें आज बंद




**नई दिल्ली/रायपुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** आज केमिस्ट, फार्मासिस्ट और दवा वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने देशभर में हड़ताल पर है। इस हड़ताल से देश के कई हिस्सों में दवाओं की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऑनलाइन दवा बिक्री (ई-फार्मेसी) और नकली दवाओं के कारोबार के विरोध में एआईओसीडी के देशव्यापी आह्वान पर देश की सभी मेडिकल दुकानें बंद हैं। ऑनलाइन कंपनियों की ओर से दवा की डोर-टू-डोर सप्लाई के खिलाफ देशभर की दवा दुकान आज 20 मई को एकदिवसीय हड़ताल पर है।

दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री और बड़ी कंपनियों के कॉम्पिटीशन के विरोध में देशभर के 15 लाख से ज्यादा मेडिकल स्टोर बंद रहे। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने बुधवार को बंद का ऐलान किया। एआईओसीडी ने कहा था कि बंद के दौरान भी अस्पतालों से जुड़े मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। इमरजेंसी दवाओं की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी।



बिना नियमों के चल रही ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से मोहल्ले की छोटी दुकानों को नुकसान हो रहा है और लोगों की सेहत के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। इसे रोका जाए। इस पूरे विवाद से जुड़े सरकार के दो नियम जीएसआर 220(ई) और जीएसआर 817(ई) हैं। संगठन के मुताबिक इन नियमों की कमियों का फायदा उठाकर ही ऑनलाइन दवा कंपनियां ऐसा कर रही हैं। इसे वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 'गलत या नकली पर्चियों' का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए ई-फार्मेसी के लिए नए सख्त नियम बनाए जाएं। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत सरकार ने लॉकडाउन में लोगों तक जरूरी दवाइयां पहुंचाने के लिए ई-फार्मा स्टोर्स (ऑनलाइन मेडिकल स्टोर्स) को कई बड़ी रियायतें दी थीं। सरकार ने ई-फार्मा को आवश्यक सेवा का दर्जा दिया, जिससे लॉकडाउन में भी उनकी डिलीवरी बिना रोक-टोक जारी रही। घर-घर जाकर दवाइयां पहुंचाने की प्रक्रियाओं को आसान बनाया गया ताकि लोग अस्पतालों या मेडिकल स्टोर पर भीड़ लगाने के बजाय सुरक्षित तरीके से घर बैठे ही अपनी रेगुलर और जरूरी दवाइयां मंगा सकें।

## प्रदेश औषधि विक्रेता संघ के आव्हान पर धमतरी केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा मेडिकल बंद रख प्रधानमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

### शासकीय, निजी अस्पताल, फार्मेसी और जन औषधि केन्द्र रहे खुले

**धमतरी 20 मई (हाईवे चैनल)।** आज प्रदेश भर में दवा दुकानें बंद रही। दवा विक्रेताओं द्वारा दुकाने बंद रख ऑनलाइन दवा बिक्री और ड्रग नीति का विरोध किया गया। इसके पश्चात दवा विक्रेताओं संघ द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि प्रदेश औषधि विक्रेता संघ ने आज बंद का आह्वान किया है, इसका धमतरी जिले में भी व्यापक असर नजर आया। जिले की सभी दवा दुकानें बंद रही। दुकानों के न ताले खुले न शटर उठे। बंद के आव्हान को मेडिकल संचालकों द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया। दवा विक्रेताओं की मांग है कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाया जाए, बिना योग्य फार्मासिस्ट की निगरानी में दवा की बिक्री न किया जाए, डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवा बिक्री की व्यवस्था हो, इसके लिए ड्रग नीति में परिवर्तन किया जाए तथा ड्रग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए। मांगों को लेकर शासन का ध्यान दिलाया गया था लेकिन शासन स्तर पर ऑनलाइन दवा बिक्री पर कोई रोक नहीं लगने पर हड़ताल आज किया गया। मेडिकल स्टोर बंद होने से कई मरीजों व दवा के जरुरतमंद को भटकना पड़ा। हालांकि प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया था। हड़ताल के दौरान जिले के समस्त शासकीय अस्पताल, निजी नर्सिंग होम एवं अस्पताल फार्मेसी, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र तथा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स नियमित रूप से खुले रहें। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रुप से अशोक दुम्बानी, मनीष चन्द्राकर, सतराम वासानी, नीरज किरण, तेज कोचर, आशीष छाजेड़ सहित अन्य दवा विक्रेता शामिल रहे।




## बाइक पेट्रोलिंग कर रहे जवानों को पिकअप ने लिए चपेट में 20 मीटर तक घसीटा

# प्रधान आरक्षक की मौके पर मौत

### एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल, पुलिस विभाग में छाई शोक की लहर







### बीती रात्रि सिहावा चौक के पास हुआ दर्दनांक हादसा, पिकअप व आरोपी चालक पुलिस गिरफ्तार में

**धमतरी, 20 मई (हाईवे चैनल)।** बीती रात्रि एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमे एक पुलिस जवान की मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दो पुलिस जवान बाइक पर पेट्रोलिंग कर रहे थे तभी बीती रात्रि लगभग 3.30 बजे सिहावा चौक के पास एक पिकअप क्रमांक सीजी -05 एवी 0232 द्वारा बाइक को ठोकर मार दिया गया जिसके बाद बाइक पेट्रोलिंग कर रहे प्रधान आरक्षक विजय बैरागी की मौके पर मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान दिलीप पांडे गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरो ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया है। जहां उनकी स्थिति खतरे के बाहर बतायी जा रही है।

बता दे कि कोतवाली थाना प्रभारी राजेश जगत हादसे के साथ सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप द्वारा बाइक को चपेट में लेने के बाद लगभग 20 मीटर तक घसीटा गया जिससे प्रधान आरक्षक विजय बैरागी को गंभीर चोट आई जिससे मौके पर ही मौत गई। उक्त हादसे के बाद पुलिस विभाग मे शोक की लहर है. परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. फिलहाल पुलिस मामले की जाँच व आगे की कार्यवाही मे जुट गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### रायपुर के बाद दुर्ग-बिलासपुर में कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारीः डिप्टी सीएम विजय शर्मा

**रायपुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के बाद दुर्ग और बिलासपुर में भी कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने पर विचार किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आग्रह करने की बात कही है। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर प्रणाली की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी. छोटे-छोटे विषय विभिन्न विभागों के कारण पेंडिंग हुआ करते थे. अभी रायपुर में कमिश्नर प्रणाली लागू है. आवश्यकता अनुरूप इसका विस्तार होना चाहिए. मुख्यमंत्री साय से इसे बिलासपुर और दुर्ग में भी प्रारंभ करने के लिए आग्रह करेंगे।



### रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के नए आयकर आयुक्त बने रितुपर्ण नामदेव

**रायपुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सीबीडीटी की सिफारिश पर 522आयकर आयुक्त एवं निदेशकों के तबादले किए हैं। इनमें से अधिकांश हाल में पदोन्नत किए जाने के बाद पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। इस सूची में एमपी सीजी सर्किल के भी 4 अधिकारी शामिल हैं। इनमें से दो छत्तीसगढ़ में ही पदस्थ की गई हैं। रितुपर्ण नामदेव को आयुक्त एवं निदेशक आईटीएटी,अनुभा टाह सीआईटी ए-3, और राखी निशा ओरांव सीआईटी ए-1 पदस्थ की गई हैं। वहीं राम तिवारी को रायपुर से अहमदाबाद जामनगर स्थानांतरित किया गया है। सभी अधिकारियों को 28 मई तक ज्वाइन करने कहा गया है।




चूहा- सुनती हो, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार पीएम मोदी की विदेश यात्रा को लेकर बहुत तारीफ कर रहें हैं।
चुहिया- हां जी, अब अजीत पवार के नक्शे कदम पर चलने का इरादा होगा..!

## एक्सीडेंट जांजगीर-चांपा में, एक की मौत और तीन गंभीर




**जांजगीर-चांपा/अकलतरा, 20 मई (हाईवे चैनल)।** ग्राम खटोला के पास ओवरटेक के दौरान बाइक और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और कार दोनों के परखच्चे उड़ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के मुताबिक, ग्राम कोटगढ़ निवासी भूपेंद्र धीवर उम्र 22 वर्ष बुधराम धीवर उम्र 30 वर्ष, डेमन धीवर उम्र 28 वर्ष एवं फागूराम धीवर उम्र 25 वर्ष एक मोटरसाइकिल में सवार होकर अकलतरा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान 19 मई को ग्राम खटोला के पास बाइक सवारों ने एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 एयू 1762 से उनकी सीधी टक्कर हो गई।

हादसा इतना भयावह था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं कार के सामने का हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया. टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को मदद की. इस हादसे में बाइक चला रहे युवक भूपेंद्र धीवर उम्र 22 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक पर सवार तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना दिए जाने पर मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू के द्वारा मृत एवं सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों घायल युवकों को प्राथमिक इलाज के बाद सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

## पीएम मोदी से मेलोनी की मुलाकात, नेताओं ने डिनर के दौरान कई अहम वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की



**नई दिल्ली, 20 मई (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के दौरे पर रोम पहुंचने के बाद पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान कई अहम वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोम के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित कोलोसियम का भी दौरा किया। इससे पहले मोदी के रोम पहुंचने पर मेलोनी ने सोशल मीडिया पर उनका स्वागत करते हुए लिखा कि रोम में आपका स्वागत है मेरे दोस्त। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-इटली संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर आज होने वाली औपचारिक वार्ता को लेकर वह उत्साहित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, निवेश और सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय संगीत इटली में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रोम में भारतीय समुदाय के स्वागत कार्यक्रम के दौरान पांच इतालवी कलाकारों ने राग हंसध्वनि की प्रस्तुति दी।

## मायावती से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता बीएसपी सुप्रीमो ने ठुकराई मुलाकात



**नई दिल्ली, 20 मई (न्यूज चैनल)।** बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुछ नेताओं ने मायावती से मिलने का प्रयास किया, लेकिन बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख द्वारा कथित तौर पर मिलने से इनकार करने के बाद उन्हें बिना मुलाकात के ही लौटना पड़ा। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम और सांसद तनुज पुनिया मायावती के आवास पर पहुंचे और उनसे मिलने की इच्छा व्यक्त की। खबरों के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों ने बसपा प्रमुख को अपना संदेश पहुंचाया, लेकिन मायावती ने मुलाकात से इनकार कर दिया।

## पीएम आवास का लिया पैसा, लेकर नहीं बनाया मकान, अब 455 हितग्राहियों को नोटिस जारी



**तखतपुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर वर्षों तक मकान निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों पर अब नगर पालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है. योजना की पहली किस्त हड़पकर बैठे 455 हितग्राहियों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर निर्माण कार्य शुरू करने या सरकारी राशि वापस जमा करने का अल्टीमेटम दिया गया है. आदेश का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ एफआईआर, रिकवरी और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ों हितग्राहियों को मकान निर्माण के लिए लगभग 55 से 56 हजार रुपये की प्रथम किस्त जारी की गई थी. लेकिन चार से पांच साल बीत जाने के बाद भी बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने न तो मकान निर्माण शुरू किया और न ही राशि लौटाई. इस कारण योजना की करोड़ों रुपये की राशि फंस गई है। नगर पालिका प्रशासन के मुताबिक ऐसे 455 हितग्राहियों के पास करीब ढाई करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी राशि अटकी हुई है. अब प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सभी को अंतिम नोटिस जारी कर दिया है. नोटिस मिलते ही एक हितग्राही ने पूरी राशि वापस जमा कर दी, जबकि दो अन्य ने किस्तों में राशि लौटाने की अनुमति मांगी है।

## पेनेसीया अस्पताल में एसी में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग, बुजुर्ग महिला की मौत

**नई दिल्ली, 20 मई (न्यूज चैनल)।** देहरादून हरिद्वार रोड स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल में बुधवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला बीरावती की मौत हो गई है। जबकि दो की हालत गंभीर है।जानकारी के मुताबिक अस्पताल में आग एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में धुआं फैल गया और मरीजों व स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया। घटना के समय अस्पताल के आईसीयू में छह मरीज भर्ती थे। धुआं फैलते ही अस्पताल स्टाफ, राहत टीमों और स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर अन्य अस्पतालों में शिफ्ट कराया। आग और धुएं की चपेट में आने से अस्पताल के कुछ कर्मचारी भी घायल हुए, जिन्हें भी उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## हाईकोर्ट ने रद्द किया हसदेव नदी में प्रस्तावित रेत खदान का टेंडर, ग्राम पंचायत सरपंच ने दायर की थी याचिका



**बिलासपुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने जांजगीर-चांपा जिले की हसदेव नदी में प्रस्तावित रेत खदान के टेंडर को रद्द कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि बिना फाइनल जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के रेत खदानों की नीलामी नहीं की जा सकती. ग्राम पंचायत हथनेवरा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि सिर्फ ड्राफ्ट रिपोर्ट के आधार पर टेंडर जारी करना नियमों के खिलाफ है। मामला जांजगीर-चाम्पा जिले के ग्राम पंचायत हथनेवरा का है, जहां प्रशासन ने रेत खनन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी. आरोप था कि यह प्रक्रिया पांच साल पुरानी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर शुरू की गई, जिसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी. इसके बावजूद 30 मार्च को रेत नीलामी का टेंडर जारी किया गया और सफल बोलीदाता का चयन भी कर लिया गया। हथनेवरा के सरपंच ने इस टेंडर प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई. पंचायत की दलील थी कि जिले में कोई वैध और स्वीकृत नई छ्रस्क्र रिपोर्ट मौजूद नहीं है, इसलिए टेंडर प्रक्रिया अवैध है।

मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि सिर्फ ड्राफ्ट रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड कर देना पर्याप्त नहीं है. कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट पर जनता से आपत्तियां आमंत्रित करना जरूरी है. उसके बाद कलेक्टर की मंजूरी आवश्यक है. तभी उसे अंतिम जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट माना जाएगा। इधर राज्य सरकार ने कोर्ट में दलील दी कि 2025 की नई रिपोर्ट तैयार कर 27 नवंबर 2025 को ऑनलाइन अपलोड की गई थी और टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी. ऐसे में रोक लगाने से सरकारी राजस्व का नुकसान होगा। मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पाया कि सरकार जिस रिपोर्ट का हवाला दे रही थी, वह केवल ड्राफ्ट रिपोर्ट थी, जिसे अंतिम मंजूरी नहीं मिली थी. हाईकोर्ट ने टेंडर रद्द करते हुए राज्य सरकार को यह छूट दी कि वह नियमों के तहत नई और स्वीकृत छ्रस्क्र रिपोर्ट तैयार कराकर दोबारा टेंडर जारी कर सकती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला की लाश रात में शराब पीने के दौरान हुआ था विवाद



**अंबिकापुर, 20 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। महिला का पति सुबह किसी काम से पत्नी और बच्चों को सोते हुए छोड़कर कुसमी चला गया था। जब बच्चों ने मां को उठाने की कोशिश की, तो वह नहीं उठी। मामला मणिपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सीतापुर थाना क्षेत्र निवासी जमुना चिकवा अपनी पत्नी सुखमनिया (32) और दो बच्चों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि सोमवार रात पति-पत्नी ने साथ में शराब पी थी। इस दौरान दोनों के बीच मामूली विवाद भी हुआ था। बाद में दोनों जमीन पर सो गए। मंगलवार सुबह जमुना चिकवा किसी काम से कुसमी चला गया। उस समय पत्नी और बच्चे घर में सो रहे थे। सुबह करीब 9 बजे दोनों बच्चों ने मां को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी। इसके बाद बच्चों ने आसपास के लोगों को जानकारी दी। पड़ोस की महिलाएं घर पहुंचीं तो देखा कि सुखमनिया की मौत हो चुकी है।

CMYK